इंडियन एयरलाइन्स का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, यदि हां, तो क्या इस दुर्घटना के पीछे तोड फोड की कोई गतिविधि होने की आशंका है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को इस संबंध में कोई पूर्व सूचना मिली थी ; और

(ग) इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया)** (क) इंडियन एयरलाइन्स बोइंग 737 विमान वी०टी० ई०एफ०एल० 16 अगस्त, 1991 को इम्फाल के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस मामले में अभी तक किसी तोड-फोड का संकेत नहीं है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) विमान सुरक्षा के स्तर को बढाने के उपाय निरंतर किए जाते हैं, जैसे विमान दुर्घटनाओं और खतरनाक घटनाओं की जांच से उद्भूत सिफारिशों का कार्यान्वयन, सुरक्षा सूचना का प्रचार, काकपिट वायस रिकार्डरों और फ्लाइट डाटा रिकार्डरों का निगरानी उड़ान कर्मीदल दक्षता को मानीटर करना तथा हवाई अड्डों का समय समय पर निरीक्षण करना।

**भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों में घाटे**

1045. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री 29 जुलाई, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 961 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों द्वारा घाटा उठाए जाने के क्या कारण हैं ; और

(ख) इन घाटों की भरपाई करने की क्या-क्या योजनायें हैं ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) :** (क) वर्ष 1990-91 के दौरान घाटे के कारणों में अन्य बातों के साथ-साथ देश के कुछ भागों में गडबडी के हालात और मध्यपूर्व की स्थिति जिसकी परिणति खाडी युद्ध के रूप में हुई आदि कारण भी शामिल हैं।

(ख) भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों की कार्यकुशलता एवं लाभप्रदता में वृद्धि करना एक निरंतर प्रक्रिया है। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रचार पर अधिक जोर देना ; रियायत देना तथा घरेलू पर्यटन को बढाने के लिए विशेष पैकेज टुअर्स आयोजित करना ; उत्पादन में सुधार लाना और खर्च पर अधिक अनुशासन एवं नियंत्रण रखना शामिल है।

**बिहार में पन-बिजली योजना**

1046. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या **विद्युत और गैर-परंपरिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में पन-बिजली योजना को बढावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार है ; और

(ख) क्या केंद्रीय सरकार बिहार में विद्युत की कमी को पूरा करने के वास्ते पन बिजली के उत्पादन के लिए राज्य सरकार को उपयुक्त धनराशि आवंटित करने जा रही है ?

**विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) :** (क) आठवीं और नोवीं योजना के दौरान बिहार में अनेक जल विद्युत स्कीमों को चालू किए जाने का कार्यक्रम है। इनका विवरण 1 में दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 160, अनुपत्र संख्या 40]